[Shri Mukhtar Abbas Naqvi]

"That this House do appoint Shri Dilipbhai Pandya, Shri Shamsher Singh Manhas, Shri Pramod Tiwari, Shri A. Navaneethakrishnan, Shri Praful Patel, Shri Harivansh, Shri Satish Chandra Misra and Shri Sanjay Raut to the Select Committee to examine the Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2013, in the vacancies caused by the retirements of Shri Anil Madhav Dave, Dr. Chandan Mitra, Shri Avinash Pande, Shri A. Navaneethakrishnan, Shri K. C. Tyagi, Shri Satish Chandra Misra, Shri Praful Patel and Shri Sanjay Raut. This House also do appoint Shri Swapan Dasgupta to the said Select Committee in place of Shri Ramdas Athawale who has been inducted into the Union Council of Ministers."

The question was put and the motion was adopted

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall, now, take up the second motion by Shri Arun Jaitley.

MOTION FOR APPOINTMENT OF MEMBERS TO JOINT COMMITTEE ON ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST AND RECOVERY OF DEBTS LAWS AND MISCELLANEOUS PROVISIONS (AMENDMENT) BILL, 2016

THE MINISTER OF FINANCE AND THE MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI ARUN JAITLEY): Sir, I beg to move:

"That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do appoint three Members to the Joint Committee on Enforcement of Security Interest and Recovery of Debts Laws and Miscellaneous Provisions (Amendment) Bill, 2016, in the vacancies caused by the retirement of Shri Satish Chandra Misra, Shri Praful Patel and Shri K. C. Tyagi from the Rajya Sabha and communicate to the Lok Sabha the names of the Members so appointed by the Rajya Sabha to the Joint Committee and resolves that Shri Ramchandra Prasad Singh, Shri Satish Chandra Misra and Shri Praful Patel be appointed to the said Joint Committee to fill the vacancies."

The question was put and the motion was adopted.

GOVERNMENT BILLS

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall, now, take up the Child Labour (Prohibition and Regulation) Amendment Bill, 2012. Time allotted for this Bill is two-and-a-half hours. Shri Bandaru Dattatreya to move the Bill.

The Child Labour (Prohibition and Regulation) Amendment Bill, 2012

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI BANDARU DATTATREYA): Sir, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986, be taken into consideration."

The question was proposed.

श्री शादी लाल बत्रा (हरियाणा): धन्यवाद महोदय। यह जो The Child Labour (Prohibition and Regulation) Amendment Bill, 2012 आया है, देखने में तो बहुत ठीक लग रहा है, अच्छा लग रहा है, लेकिन इनके हालात क्या हैं, हम चाहते क्या हैं? हम कहते हैं कि हमारे बच्चे कर्णधार हैं तथा कल के भविष्य के लिए वे ही हमारा फेस हैं, लेकिन जब हम बात करते हैं तो बातों में कुछ सच्चाई नज़र नहीं आती। जिनको हम कर्णधार बतलाते हैं, वे बच्चे क्या कर रहे हैं, उनको क्या करना चाहिए, कैसे करना चाहिए? बच्चा पैदा होता है तो हर मां-बाप की इच्छा होती है कि मैं अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दूं, बड़े से बड़ा बनाऊं और वह समाज में तथा देश के लिए कुछ करे, लेकिन होता क्या है? आज अगर हम देखें तो हमारे 40 परसेंट देशवासी बी.पी.एल. कैटेगरी में हैं।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय)** *पीठासीन हुए*]

बी.पी.एल. कैटेगरी में क्या होता है कि जब बच्चा पैदा होता है तथा जब बच्चे को स्कूल भेजने की बात करते हैं तो वे कहते हैं कि हम क्या करेंगे? गांव वाले कहते हैं कि हमारे मवेशी कौन ले जाएगा, उनको पानी कौन पिलायेगा तथा इस प्रकार से सौ काम होते हैं, खेती-बाड़ी के हों या मजदूरी के हों, वे सब काम करने पड़ते हैं। तो वे कहते हैं कि ये सब काम कैसे होंगे? वे बच्चों को कहते हैं कि कहीं और मत जाओ। अगर हमारा बच्चा मवेशियों को लेकर जाएगा, काम करेगा तो उसके लिए कुछ न कुछ ऐसा होगा कि हमारी बचत होगी और हम आगे चलेंगे। इस प्रकार उनका यहां से एम्प्लॉयमेंट शुरू होता है। वह ऍप्लॉयमेंट घर का हो, वह एम्प्लॉयमेंट बाहर का हो लेकिन एम्प्लॉयमेंट शुरू हो गया। एम्प्लॉयमेंट शुरू होने के बाद हम आगे चलते हैं तो फिर देखते हैं कि ऐसा होने के बाद कुछ और कार्य आगे नहीं हो रहा है। आज से दो साल पहले कांग्रेस गवर्नमेंट ने हरियाणा में किया था कि बच्चों को शिक्षा देने के लिए जब वे के.जी. में जाते थे तो शिक्षा फ्री होती थी तथा मिड-डे मील होता था। उसके साथ स्टाइपेंड भी दिया जाता था, ताकि वे पेरेंट्स जो बच्चों की कमाई पर चलना चाहते थे तथा अपने बच्चों की कमाई को आगे लेकर जाना चाहते थे, उनको हर महीने वह मिलता रहे। हम जब तक उन फैमिलीज़ को जिनके पास साधन नहीं हैं, जो अपने बच्चों पर निर्भर करते हैं कि वे कमाकर लाएंगे और सारा कुनबा खाएगा, तो जब तक उनके लिए कुछ साधन नहीं बनाएंगे तो बात नहीं बनेगी। शिक्षा नहीं होगी तो फिर क्या होगा? अनएम्प्लॉयमेंट कैसे रोकेंगे, एम्प्लॉयमेंट में कैसे चलेंगे? आज अगर हम देखें तो हर साल साठ हजार बच्चे इस देश में गुम हो जाते हैं। जो बच्चे गुम होते हैं, वे किसलिए गुम होते हैं? इसलिए गुम होते हैं कि उनसे वेश्यावृत्ति कराई जाती है, उनसे भिक्षा मंगवाई जाती है, उनके शरीर के अंगों का व्यापार होता है। तो यह सब रोकने के लिए कानून-व्यवस्था क्या है? वह कानून-व्यवस्था कुछ नहीं है। कानून-व्यवस्था है नहीं, शिक्षा के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं

[श्री शादी लाल बत्रा]

तो फिर बच्चों का करेंगे क्या? बच्चे जो आगे आएंगे तो उनको कोई न कोई तो काम देना होगा, कुछ सोचना होगा और बच्चों को काम देने से पहले उनके माता-पिता को बताना होगा कि आने वाले भविष्य के लिए आपके बच्चे आगे क्या बनें, इसके लिए आप थोड़ा सोचिए और वे ऐसा तब सोच सकते हैं कि जब उनके पास कोई साधन हो।

उपसभाध्यक्ष जी, अगर हम बात करें तो एक बात तो क्लीअर हो जाती है कि हमने बहुत कानून बनाए। संविधान भी कहता है, बहुत अधिनियम भी हैं पर उन अधिनियमों को लागू कितना करते हैं? वे लागू नहीं होते। लागू नहीं होते तो सिर्फ कानून बनाने से बात नहीं बनेगी, आगे चलने से बात होगी कि हम कैसे करें और इसको कैसे बढ़ाएं। आज जो कानून आया है, एक रेग्युलेशन बिल आया है। इसमें एक सैक्शन 7 है, जिसमें परमिशन दे दी गई है कि बच्चों को अगर काम करना है, किसी भी एस्टेब्लिशमेंट में जाना है तो उनका काम कितने घंटों का होगा, कितना रैस्ट होगा और क्या चीज होगी? इसका मतलब डबल परपज़ है। Section 7(1) says, "No child shall be required or permitted to work in any establishment in excess of such number of hours as may be prescribed for such establishment or class of establishments. (2) The period of work on each day shall be so fixed that no period shall exceed three hours and that no child shall work for more than three hours before he has had an interval for rest for at least one hour.

यह क्या हुआ? इसका मतलब यह हुआ कि हर आदमी यह चाहेगा कि जो बच्चा मेरे यहां काम कर रहा है, उसको एक रजिस्टर ही तो भरना होगा कि बच्चे ने तीन घंटे काम किया और उसको एक घंटे का रेस्ट दे दिया। इस तरह से वह काम कर रहा है। इससे क्या प्रभावित होगा? इससे उसकी शिक्षा प्रभावित होगी। इससे उसकी काम करने की भावना ऐसी बढ़ जाएगी कि उसको ऐसा लगेगा कि मैं काम करता रहूं। इसको अपने भविष्य के बारे में नहीं मालूम होता है कि मेरा भविष्य क्या है। उसको यह मालूम नहीं है कि आने वाले कल में क्या होगा, तो फिर हम इसको कैसे करेंगे? हम दोमुँही ज़बान बोल रहे हैं, एक तरफ तो रेग्युलेट कर रहे हैं कि चाइल्ड लेबर हो और दूसरी तरफ हम कहते हैं कि चाइल्ड लेबर न हो। चाइल्ड लेबर नहीं होना चाहिए, मैं इस बात का हामी हूँ, लेकिन इसके साथ ही मैं आपसे एक और बात के लिए अनुरोध करना चाहता हूँ कि जहां हम शिक्षा अनिवार्य करते हैं कि हर बच्चे को शिक्षा मिलनी चाहिए, तो इसके लिए ऐसे बीपीएल परिवारों के हर बच्चे को शिक्षा मिलने के लिए अगर हम के जी से लेकर ऊपर तक हर महीने stipend देंगे, तो हम उनको एक अच्छा नागरिक बना सकेंगे। इस तरह से अच्छा पढ़ा-लिखा व्यक्ति आगे आ जाएगा। हम किसी बच्चे को भिखारी नहीं बनाना चाहते हैं, हम उनके हाथ को इतना योग्य बनाना चाहते हैं कि वह काम करके आगे बढ़ सके, इसलिए उन्हें stipend दिया जाए।

महोदय, जो समस्याएं हैं, जो चुनौतियां हैं, उन चुनौतियों का सामना हम कैसे करेंगे? इसके लिए सबसे पहले गरीबी खत्म होनी चाहिए। इसके बाद शिक्षा के लिए हम इतने अच्छे स्कूल बना दें कि जो बच्चा उस स्कूल से पढ़ कर निकले, वह एक अच्छा नागरिक बन कर निकले। बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, कलम होनी चाहिए, लेकिन आज क्या हो रहा है? आज उनके सिर पर ईंटें हैं, उनके हाथ में तलवार या कुल्हाड़ी है। जो बच्चा काम करने में लग जाता है,

4.00 P.M.

वह बच्चा पढ़ नहीं पाता है। यही कारण है कि हम अपने बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनाने के बजाए एक मजदूर बना रहे हैं। एक अच्छा मजदूर बनाने के लिए हमें क्या चाहिए और एक अच्छा नागरिक बनाने के लिए हमें क्या चाहिए, इसके बारे में तो हमें सोचना होगा।

आज यह "बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2012" आया है, यह आज का बिल नहीं है, यह हमारे भविष्य को साधेगा। यह भविष्य का बिल है। इस बिल के माध्यम से हम अपनी जेनरेशन को, अपनी आने वाली पीढ़ी को, अपने आने वाली कौम को आगे ले जाने का काम करेंगे। हम उसको लेबर करने से रोकों, उसको शिक्षा दें। उसको इतना अच्छा नागरिक बनाएं कि वह ठीक ढंग से आगे बढ़ सके।

बच्चों की समुचित देखभाल और विकास पर भी हमारा ध्यान जाना चाहिए। देश को स्वतंत्र हुए 68 साल हो गए हैं, लेकिन बाल मजदूरी में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो कि देश के विकास में बाधक बनती जा रही है। 25.2 करोड़ बच्चों में से 5 से 14 वर्ष की आयु समूह के 1 करोड़ 26 बच्चे बाल मजदूरी कर रहे हैं। इनमें से लगभग 12 लाख बच्चे खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत हैं। इतनी संख्या में हमारे बच्चे बाल मजदूरी में लगे हुए हैं, तो उनसे हम क्या उम्मीद करेंगे? आखिर आतंकवाद कहां से शुरू होता है? आतंकवाद यहीं से शुरू हो जाता है। जब बच्चा इतना न कमा सके, जिससे वह अपना गुजारा कर सके, इतना न कमा सके कि अपने परिवार को पाल सके, इतना न कमा सके कि जो उसके ऊपर सामाजिक जिम्मेदारियां हैं, उन जिम्मेदारियों को पूरा न कर सके, तो फिर क्या होगा? यही होगा कि वह आतंकवाद की ओर जाएगा। अगर हमें आतंकवाद से बचना है, भुखमरी से बचना है और इस व्यवसाय से बचना है, तो हमें इस तरह का काम करना होगा ताकि हम इससे बच सकें। हमें आने वाली पीढ़ी के लिए ऐसा वातावरण बनाना होगा, कुछ ऐसा सोचना होगा ताकि वे लोग अपने आप यह सोचें कि हम भी आज़ाद भारतवर्ष के बच्चे हैं और हमारा जो भी कर्तव्य है, हमसे जो भी आशाएँ की जा सकती हैं या हमसे जो भी अपेक्षाएँ हैं, उनको पूरा करने के लिए हम अपना कार्य करेंगे।

उपसभाध्यक्ष जी, वे अपना काम कब और कैसे पूरे करें, क्योंकि उनका काम बचपन से ही शुरू हो जाता है। ...(**समय की घंटी**)... अब हम देखें कि जो बच्चे 14 से 18 साल की आयु के हैं, उनको ऐसी किस इंडस्ट्री में काम करने के लिए जाना चाहिए, जो उनके लिए खतरनाक न हो? लेकिन बच्चे 7-8 वर्ष की आयु से ही काम करना शुरू कर देते हैं, तो 14 साल की आयु तक वे क्या करें? उस एज के लिए हम क्या कर सकते हैं, इसके लिए सोचना होगा।

महोदय, यह जो बिल आ रहा है, जिसमें ये रेग्युलेशन कर रहे हैं और बच्चों को सर्विस दे रहे हैं, फिर यह कह रहे हैं कि तीन घंटे के बाद — इससे वे और भी बेईमानी की तरफ जाएँगे। फिर वे यह सोचेंगे कि इस क़ानून को हमें कैसे violate करना है। क़ानून बहुत-से हैं, क़ानूनों की कमी नहीं है, लेकिन वे लागू नहीं होते। जब वे लागू नहीं होते तो वे सोचते हैं कि इसके violation के लिए हमें यह करना है। मैं आज आपसे एक ही अनुरोध करना चाहूँगा कि हम जो भी सोचते हैं, वह इस दृष्टि से सोचते हैं कि हमें यह काम करना है, उसमें किसी प्रकार का कंसेशन देकर यह नहीं कहें कि इसको रेग्युलेट कर दें। अगर बच्चे की सर्विस लग जाती है, बच्चा काम करता है तो कोई बात नहीं, तीन घंटे काम करो। वह तीन घंटे काम नहीं करेगा तो हमेशा के लिए यह सोच लेगा कि मुझे नौकरी ही करनी है, मेरे लिए यही नौकरी बची है और फिर उसका बचपन

[श्री शादी लाल बत्रा]

खो जाएगा। जब उससे कोई गलती होती है, तो जहां वह काम कर रहा होता है, वहां के मालिक उसकी पिटाई करके उसको इतना डरा देते हैं, इतना धमका देते हैं कि वह बच्चा बिल्कुल सहम जाता है। यानी फिर वह बच्चा अपने जीवन में खुलकर आगे नहीं आ सकेगा, काम नहीं कर सकेगा, पढ़ाई नहीं कर सकेगा और वह सहमा-सहमा बच्चा अपना ही नहीं बल्कि अपने परिवार को भी आगे ले जाने के बजाय पीछे ले जाएगा। फिर वह कहीं न कहीं यह सोचेगा कि मैं वैसा काम करूँ। ...(**समय की घंटी**)... आज यह आम खबर आती है कि अगर कहीं पत्थर फेंकने हैं तो एक बच्चे को एक दिन के पांच रुपये भी मिल जाएँगे तो वह पत्थर फेंकेगा। अगर बच्चे पांच रुपये लेकर पत्थर फेंकते हैं, तो वह क्या है? उस बच्चे के जीवन के साथ क्या हो रहा है? उस बच्चे के जीवन को हम कितना exploit कर रहे हैं! इसलिए उस exploitation से बचने के लिए हम बच्चों को ऐसा कोई काम न करने दें जो असामाजिक हो, जो इल्लीगल हो, जो देश के हित में न हो। बच्चा ऐसा काम न कर सके , यह तब हो सकता है जब हम उसको पूरी शिक्षा देकर उसे ऐसा वातावरण दे दें, जिससे उसे लगे कि उसको एक अच्छा नागरिक बनकर देश की सेवा करनी है, परिवार की सेवा करनी है, अपनी सेवा करनी है, धन्यवाद।

डा. सत्यनारायण जटिया (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, बाल-श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2012 के बारे में हम यहां चर्चा कर रहे हैं। इसमें जो संशोधन किए जा रहे हैं, ये कोई नए नहीं हैं। इसके बारे में पहले ही चर्चा हुई है। जो काम करना चाहिए, जो काम पहले से प्रतीक्षित है, उस काम को अंजाम देने के लिए ही यह विधेयक हम लाए हैं। यदि हम इसके उदेश्यों के बारे में बात करेंगे तो निश्चित रूप से बालक श्रम अधिनियम, 1986 कुछ नियोजनों में बालकों को लगाए जाने का प्रतिषेध करने और कुछ अन्य नियोजनों में बालकों के काम की परिस्थिति का विनियमन करने का उपबंध करता है। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को भी काम में नहीं लगाना चाहिए, यह बात मुख्यतया इस मान्यता के आधार पर है कि यह जो उम्र है, इस उम्र में बच्चों को पढ़ना चाहिए, शिक्षण करना चाहिए। देश के भविष्य का निर्माण करने के लिए यह जो बाल-शिक्षा है, यह बहुत जरूरी है।

परिस्थितियों के कारण, जब घर में रोजगार नहीं होता है, घर में गुजारे लायक और कोई कारोबार नहीं होता है, जब उसके मां-बाप रोजगार की तलाश में उस अनिश्चितता में बाहर निकलते हैं, तो बच्चे भी उनके साथ जाते हैं। गांव में रोजगार के अवसर बहुत कम हो गए हैं, क्योंकि कृषि का रकबा कम होता चला जा रहा है। उसके कारण किसानों का गुजारा नहीं हो पा रहा है और जो छोटे किसान हैं, उनकी स्थित बहुत खराब है। उनके पास बराबर रकबा नहीं होता है, तो उनको मजदूरी करनी ही होती है। ऐसे समय में बच्चे अपने मां-बाप के काम में हाथ बँटाने के लिए या तो अपने खेतों में काम करने के लिए जाते हैं या फिर वे वहां जाते हैं, जहां उनको काम मिलता है, चाहे वह शहर में मिले, पास के किसी और गाँव में मिले या किसी योजना के अंतर्गत मिले। फिर उस बच्चे को पढ़ने का जो मौका मिलना चाहिए था, उससे वह महरुम हो जाता है, उससे वह वंचित हो जाता है, क्योंकि वह मौका उसे नहीं मिलता है।

नियम यह कहता है कि जो बच्चा नहीं पढ़ता है या जो बच्चा काम पर नहीं जाता है या जो बच्चा पढ़ता है, पढ़ने के बाद भी अपने घर के कामकाज में हाथ बंटाने के लिए उसको इजाज़त मिलनी चाहिए। घर के कामकाज में हाथ बंटाने की इजाज़त मिलनी चाहिए, इसमें किसी को मनाही

नहीं है क्योंकि वह वहां पर कुछ सीखता है। वहां पर वह परम्परागत रूप से अपने उस रोजगार को तो सीख ही लेता है, जिस काम को वह अपने मां-बाप को करते हुए देखता है किन्तु वह काम, जिसे हम outsourcing कहते हैं, बाहर से काम लाना और बच्चों के माध्यम से उसे पूरा करवाना, वह ठीक नहीं है। इसके कारण उसका जो शिक्षा का समय होता है, सीखने का समय होता है, उसको यदि कमाने के समय में परिवर्तित कर दिया जाता है, तो बच्चों का विकास रुक जाता है। इस कानून में यह कहा गया है कि हां, ऐसे बच्चों के लिए, जो उनके परिवार के लिए कुछ काम कर रहे हैं, उनके लिए कुछ व्यवस्था बनानी चाहिए और उस व्यवस्था में कहा है कि कलेक्टर के अंतर्गत निरीक्षण की कुछ ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिसमें, ऐसे कामों में यदि कोई उन्हें बेवजह लगाता है या ऐसे कामों को, जिन्हें उन्हें नहीं करना चाहिए, उनमें लगाया गया है, तो उसके लिए सजा का प्रावधान होगा। पहले उसमें 3 महीने से लेकर 1 वर्ष का प्रावधान था, अब उसे बढ़ाकर 6 महीने से लेकर 2 वर्ष तक करने के बारे में कहा गया है।

महोदय, व्यावहारिक स्थिति यह है कि ऐसे बच्चों की तलाश करके उन्हें निकालकर लाने, उनका पुनर्वास करने और उनके लिए जो चाईड लेबर प्रोजेक्ट्स बनाए गए है, उन चाइल्ड लेबर प्रोजेक्ट्स में उनके शिक्षण के काम करने के लिए जो प्रोजेक्ट्स बनाए गए हैं, वे भी बहुत थोड़े हैं, कहीं-कहीं तो बंद हो रहे हैं। मुझे यह मालूम है कि जहां-जहां ये थोड़े-बहुत चल रहे होंगे, उन्हें भी कहा जा रहा है कि बालश्रम जो है, वह हमारे समाज के लिए कलंक है, अपराध है और ऐसा नहीं होना चाहिए। आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार इस सारे काम में सजग होकर, उनके convention को ध्यान में रखते हुए इसके बारे में हम चिंता करने का काम करते हैं। स्थिति यह हो गयी है कि चाइल्ड लेबर प्रोजेक्ट्स बने हुए हैं, उसके अंदर चलने वाले जो बाल विद्यालय हैं, उन बाल विद्यालयों के बारे में जो स्पष्ट घोषणा करनी चाहिए, वह करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त जो चल रहे हैं, वे ठीक प्रकार से कैसे चलें क्योंकि इन्हें चलाने के लिए राज्य सरकारें तैयार नहीं होती हैं और ये प्रोजेक्ट्स होते केंद्र सरकार के हैं। इस प्रकार परस्पर समन्वय के अभाव में ये सारे प्रोजेक्ट्स जो हैं, वे कहीं चलते हैं, कहीं नहीं चलते हैं। इनकी स्थिति में सुधार करने के लिए उपाय करने चाहिए। मेरा यह कहना है कि ऐसे सारे कामों में, जहां प्रशिक्षण देना हो, शिक्षा के अलावा बच्चों को कुछ सिखाने का काम हो, इस प्रकार के कामों में उन प्रोजेक्ट्स को लगाने के संबंध में हमें उपाय करने होंगे। ये प्रावधान बनाए गए हैं कि ऐसे कामों को अगर कोई भी नियोजित करेगा, उनके खिलाफ दंडनीय कार्यवाही की जाएगी। ऐसे कामों के निरीक्षण भी होते हैं।

कुल मिलाकर, यह जो शिक्षा का काम है, जो प्रशिक्षण का काम है, इसमें तीन मंत्रालय सम्मिलित हैं। एक मानव संसाधन मंत्रालय है, जो सर्व शिक्षा अभियान की बात करता है। सर्व शिक्षा अभियान में जो उपाय हमें करने चाहिए, उन्हें करने के लिए हम बच्चों को गांवों से लेकर एक स्थान पर आते हैं और उनके शिक्षण की व्यवस्था करते हैं, उनके लिए छात्रावास बनाते हैं, छात्रावास की व्यवस्था करते हैं। इस काम को करने के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए, उसके लिए पर्याप्त संसाधन न होने के कारण इसमें मुश्किलें आ रही हैं — यह हमारा प्रत्यक्ष अनुभव है। इसी प्रकार यह जो सर्व शिक्षा अभियान है, वह महिला और बाल कल्याण मंत्रालय है, उसमें भी आंगनवाड़ी और बाकी चीज़ें है, उनसे भी संबंध रखता है। तीसरा मंत्रालय, श्रम मंत्रालय भी इससे संबंध रखता है। इस प्रकार इन तीनों मंत्रालयों को साथ बैठकर एक ऐसी योजना बनानी

[डा. सत्यनारायण जटिया]

चाहिए, जिससे हम जो बाल शिक्षा के बारे में चिंता करना चाहते हैं, उनके प्रशिक्षण की बात करना चाहते हैं, उनके भविष्य की बात करना चाहते हैं, वह हो सके। बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं, यह कहने में अच्छा लगता है, बच्चों को काम नहीं करना चाहिए, यह भी अच्छा लगता है, बालश्रम नहीं होना चाहिए, यह कहना भी अच्छा लगता है, लेकिन उसके पीछे की जो परिस्थितियां हैं, जो गरीबी है, जो परेशानी है, परिवार की जो मुश्किलें हैं और देश में राजनैतिक तौर पर हम जो कहते रहते हैं कि हम गरीबी हटाएंगे, कुछ अच्छा समय लेकर आएंगे और उनके लिए कुछ काम करेंगे — यह बात अलग है कि इस सरकार के आने के बाद से हमने इस संबंध में कुछ अच्छे उपाय करने की कोशिश की है।

हमने लोगों की बेहतरी के लिए जन-धन योजना, मुद्रा योजना लाकर रोजगार को स्थापित करने का काम किया है, परन्तु अभी यह प्रारम्भिक अवस्था है। ऐसी अवस्था में ये दोनों बातें साथ-साथ चलाने के लिए जरूरी है कि जब तक इन सारे कामों से हम गरीबों को रोजगार देने का काम नहीं कर लेते तब तक बाकी की जो योजनाएं चली हुई हैं, उनको अच्छी प्रकार से चलाने का काम करें। यह जो संशोधन इस विधेयक का लाया गया है, यह तो बहुत प्रतीक्षित था। निश्चित रूप से यह एक पहल है कि किस तरह से हम बाल श्रम को बाकी के कामों से वंचित कर सकें। हैजार्डस कामों के बारे में कहा गया है। हैजार्डस काम तो फैक्टरी ऐक्ट के अंतर्गत आते हैं। बहुत सारे प्रोसेसेज़ बताए गए हैं, उनमें उनसे काम नहीं करवाना चाहिए। जो मजदूर होटल में काम करता है, वह लोगों के घरों में काम करता है, वह किस प्रकार की परिस्थितियों में काम करता है, इन सारी बातों की भी एक अलग से सूची बनायी जानी चाहिए। फैक्टरी ऐक्ट के अंतर्गत जिन कामों को हमने खतरनाक कहा है, उसकी सूची को पुनः बनाने का काम करना चाहिए। उसमें ऐसे कामों को समाहित करना चाहिए जो व्यावहारिक हैं। मौटे तौर पर यह जो बिल लाया गया है, इसका मैं समर्थन करते हुए यह उम्मीद करता हूं कि इसमें जो सुधार करने की गुंजाइश है, उसे तीनों मंत्रालय साथ में बैठकर करेंगे। हमारा जो लेबर मंत्रालय है और जो ट्रेड यूनियन्स हैं, मैं भारतीय मजदूर संगठन में वर्षों से काम करता आया हूं, मुझे मजदूर आंदोलन से जुड़े हुए 50 साल हो गए हैं। मैंने श्रम मंत्री रहते हुए भी ट्रेड यूनियन्स से बातचीत करके काम किया था। हम ILO में जाकर भी इस प्रकार की कन्वेंशन्स को पारित करने का काम करते हैं, हम डीसेंट वर्क की बात करते हैं। ये सारी बातें कांसेप्ट में तो बहुत अच्छी दिखाई देती हैं, लेकिन उनको व्यवहार में लाने के लिए हमें कारगर उपाय करने होंगे। अभी जो शुरूआत की है, उसका मैं स्वागत और अभिनंदन करते हुए अनुरोध करूंगा कि एक ऐसी समिति बनाएं कि आगे आने वाले समय में बाल श्रम को प्रतिषेध करने के लिए और बाल शिक्षा को बढ़ाने के लिए अधिक कारगर उपाय कर सकें, धन्यवाद।

श्री रवि प्रकाश वर्मा (उत्तर प्रदेश): सर, आज बड़ी उम्मीदों से लोग देख रहे थे कि आज हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट में क्या होने वाला है। सर, मैं भी बहुत परेशान हूं। मैं कई बार कह चुका हूं कि हिन्दुस्तान में गरीबी, लाचारी, मजबूरी और बदहाली की उम्र कितनी होगी। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता था कि आज आप चाइल्ड लेबर पर अमेंडमेंट ला रहे हैं और खासतौर से 14 से 18 साल तक के बच्चों को eligible कर रहे हैं कि वे फैमिली के enterprise में काम करेंगे। फैमिली का जो enterprise है, उसका जो डायमेंशन है, उसका जो असर दिखाई पड़ रहा है, मुझे लगता है कि सरकार ने उसके ऊपर गौर नहीं किया है।

सर, हमें कभी-कभी लगता था.. जब से हमने भाग्य सीख लिया। अभी हमारे पूर्व मंत्री जी बता रहे थे कि सरकार बहुत कुछ कर रही है। क्या करेंगे जब लोगों का भाग्य ही खराब होगा! हिन्दुस्तान में तो भाग्य बहुत चलता है। अगर कुछ नहीं हो पाया, तो भाग्य के सहारे! हिन्दुस्तान की आजादी को 70 साल हो गए हैं — लाचारी, गरीबी, मजबूरी, बदहाली और बच्चों के साथ शोषण कि यह हमारी सामाजिक परम्परा है। यह बड़े शर्म की बात है कि हिन्दुस्तान के अंदर बच्चों से मजदूरी कराने में किसी को शर्म नहीं आती। यह लोगों की डिमांड है कि बच्चों के रूप में नौकर चाहिए। हमारी सरकार पीसमील में काम कर रही है, टुकड़ों-टुकड़ों में काम कर रही है। हिन्दुस्तान की जनता का दिल भर रही है। लोगों को दिखा रही है कि संसद बहुत काम कर रही है। इसका रिजल्ट क्या है, वही का वही है।

सर, हिन्दुस्तान में बच्चों के शोषण करने का सामाजिक तौर पर, आर्थिक तौर पर एक आर्गनाइज्ड सिस्टम है। इस आर्गनाइज्ड सिस्टम से लड़ने के लिए हमारे पास में इतना लचर कानून है, इतना कमजोर कानून है कि आज तक हम डिफाइन ही नहीं कर पाए कि चाइल्ड लेबर क्या बला है?

सर, दिल्ली हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया था कि चाइल्ड लेबर को डिफाइन करिए। चाइल्ड लेबर का टोटल elimination करने के लिए एक्शन प्लान बनाइए। सरकार एक काम कर रही है, पीसमील में काम कर रही है। सर, चाइल्ड लेबर का जो इश्यू है, यह कोई मामूली इश्यू नहीं है, यह पूरे हिन्दुस्तान में लोगों को प्रभावित करता है। सर, बड़े अफसोस की बात है कि इसी पार्लियामेंट की स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी जो सिफारिशें रखीं, उसमें साफ-साफ इस बात का उल्लेख किया कि जो प्रोविजन किए जा रहे हैं, सरकार जिस नीयत से, जिस मंशा से इसमें बदलाव ला रही है, वह ठीक नहीं है।

वे अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते। सर, Ease of Doing Business के नाम पर, आर्थिक सुधारों के नाम पर, हमने इस देश की व्यवस्था को और संसाधनों को बाहर वालों के हवाले कर दिया और हम बहुत खुश हैं। मेहरबानी करके रहम करिए, माननीय मंत्री जी, रहम करिए। यह सरकार हिन्दुस्तान के बच्चों पर रहम करे, इन बच्चों को भाग्य के सहारे न करें, यह आपकी जिम्मेदारी है। आखिर एक बच्चा लेबर कैसे बन जाता है? मैं पहले भी कह चुका हूं कि जिन बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, जिन बच्चों को मानव संसाधन के तौर पर विकसित करना है, हमें इस जिम्मेदारी को महसूस करना चाहिए। आज वे बच्चे मजदूरी कर रहे हैं और हम यहां बैठकर तसल्लीजनक तरीके से चर्चा कर रहे हैं।

सर, यह सिर्फ चर्चा का विषय नहीं है। यह तो एक समग्र क्रांति का विषय है। मैं माननीय मंत्री जी को और सरकार को बता देना चाहता हूं कि इस हिन्दुस्तान में स्टेट्समैन बनने का रास्ता खुले बाजार के रास्ते से नहीं है। स्टेट्समैन बनने का रास्ता WTO के माध्यम से भी नहीं है, यह रास्ता अमरीका से युद्ध संधि करके भी नहीं है। वह बच्चों के दिल में राज करके आगे बढ़ने का रास्ता है। हमने अभी कुछ समय पहले देखा, जब हमारे पूर्व राष्ट्रपति जिनका निधन हुआ, उनके निधन की बात सुनकर पूरा राष्ट्र स्तब्ध रह गया। हिन्दुस्तान का हर बच्चा, चाहे वह किसी भी कौम का था, किसी भी मजहब का था, उसके दिल में चोट थी। आज हमें यह रास्ता दिखाई पड़ गया कि हिन्दुस्तान में कैसे स्टेट्समैन पैदा किया जाता है। आज हम सरकार से इस बात का आग्रह करते हैं कि वह बच्चों के दिलों में झांक कर देखे। वे 22 करोड़ बच्चे, जो

[श्री रवि प्रकाश वर्मा]

प्राइमरी स्कूलों में हैं और इतने ही बच्चे, जो इससे ऊपर के स्कूलों में हैं, आज वे आपसे क्या चाहते हैं? वे आपकी तरफ किस लिए देख रहे हैं? आज आप उनके साथ क्या करने जा रहे हैं? हम पूरे तौर पर कह देना चाहते हैं कि आपने बच्चों के बीच में जो 14 से 18 का डिविज़न कर दिया है, यह न्यायसंगत नहीं है। ILO Convention साफ-साफ कहता है कि किसी भी हाल में हम पूरी धरती के बच्चों को ऐसे कारोबार के हवाले नहीं कर सकते, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और नैतिक शोषण होता है या उनका पराभव होता है, लेकिन आज हम कानून में amendment करने जा रहे हैं, यह बात हमारी समझ में नहीं आ रही है।

सर, 1975 में इसी संसद ने यह तय किया था कि हमारे हिन्दुस्तान के बच्चे सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संसाधन हैं। आज कहां गया वह संकल्प, किस रास्ते चला गया वह संकल्प, आज क्यों भूल गए उस संकल्प को? हम आपको याद दिला देना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान के बच्चों के साथ ऐसा धोखा मत करिए। यदि आप ऐसा धोखा करेंगे, तो आपको इसकी सज़ा भुगतनी पड़ेगी। सच्चाई तो यह है कि 1987 में National Policy on Child Labour बनी, वह क्या कह रही थी, हम कहां पहुंचे? 2002 में Constitutional Amendment हुआ और Article 21A में शिक्षा का अधिकार दिया गया। सर, 2006 में prohibition on child labour as domestic workers or servants एचीव किया गया। उसके बावजूद भी 2011 की Census में आपको मालूम है कि कितने बच्चे child labour थे। जब हम सरकार की बात सुनते हैं, तो हमें कभी-कभी लगता है कि नौकरशाही बोल रही है, यह कोई जनता का नेता नहीं बोल रहा है। आपको तय करना पड़ेगा कि आप हिन्दुस्तान की पब्लिक के साथ खड़े हैं या नौकरशाहों के साथ खड़े हैं? हिन्दुस्तान के नौकरशाहों की जो सीमाएं हैं, वे हिन्दुस्तान की सीमाएं नहीं बन सकतीं। मैं आपको इस बात से आगाह कर देना चाहता हूं। आप लोग जिस तरीके से इसको लेकर चल रहे हैं, यह समझ में आने लायक बात नहीं है।

सर, आखिर बच्चा बाल श्रम बनता कैसे है? यह तय हो गया था कि हर बच्चे को स्कूल में दाखिल होना है और यह adhoc system, यह सर्वशिक्षा अभियान का adhoc system हम लोग कई बार कह चुके हैं कि इस हिन्दुस्तान में एक रेग्युलर एजुकेशन सिस्टम बनकर क्यों नहीं आता? ...(**व्यवधान**)...

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र): सर, प्वाइंट ऑफ ऑर्डर। यहां मिनिस्टर कौन है? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: यहां पर मंत्री जी हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि प्रकाश वर्मा: सर, मैं आगाह कर देना चाहता हूं कि कहां पर चूक हुई है? जिस देश में आजादी के दस वर्षों के बाद भी हर व्यक्ति को शिक्षित हो जाना चाहिए था, वहां पर आज भी शिक्षा की स्थिति बहुत खराब है। हमारा यह दुर्भाग्य है कि हम आज भी अपने नन्हे बच्चों को जो शिक्षा दे रहे हैं, हम उसके लिए एक रेगुलर एजुकेशन सिस्टम नहीं बना पाए।

सर, एक ad hoc system के सहारे, सर्व शिक्षा अभियान के सहारे, हम उन्हें शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं और उसमें भी कहीं टीचर नहीं हैं, कहीं स्कूल नहीं हैं, कहीं किताबें नहीं हैं। फिर हम उन्हें टीचर भी नहीं दे रहे हैं। दुर्भाग्य यह है कि हम उन्हें teaching servants के हवाले कर रहे हैं, जिन्हें बच्चों को पढ़ाने में मन नहीं लगता है। सर, ड्रॉपआउट्स का यही कारण

है। आज जितने बच्चे वहां enrolled हैं, literally उसके 50 प्रतिशत ड्रॉपआउट्स हैं। आपके पास आंकड़ा है कि सेंसस के मुताबिक हमारे यहां 4.35 परसेंट चाइल्ड लेबर्स हैं, लेकिन समाज के बीच में रहने वाले गैर सरकारी संगठनों ने बताया है कि ऐसे बच्चों की तादाद 11 मिलियन यानी 1 करोड़ से भी ज्यादा है। यह भी कोई छोटी संख्या नहीं है, लेकिन हमें समझ नहीं आता कि हम इतने ad hoc तरीके से काम क्यों कर रहे हैं? इस से कभी-कभी ऐसा लगता है कि सरकार ने कहीं Industrial lobby के सामने सरेंडर तो नहीं कर दिया है?

सर, देश में जितने चाइल्ड लेबर्स हैं, उतने ही नौजवान बेरोजगार हैं। आज वह बच्चा बेरोजगार व दिशाहीन सड़कों पर घूम रहा है, जिसके पास कोई लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां कहा जा रहा था कि आज हिन्दुस्तान एक demographic dividend के मुहाने पर खड़ा है, लेकिन मैं बताना चाहूंगा कि हम एक demographic disaster के मुहाने पर खड़े हैं। आपका फर्ज बनता था कि हम हर हाल में बच्चों को शिक्षित करते और उन्हें अच्छा नागरिक बनाते, लेकिन आज सब से बड़ी दिक्कत यह है कि जो बच्चा नौकरी के लिए जाता है, वह दूर से देखता है कि कुछ लोग अच्छे घरों में पैदा हुए, अच्छे स्कूलों में पढ़े, उन्हें अच्छा खाने व पहनने को मिलता है और इज्जत मिलती है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर आपके दो बच्चे हैं तो मेहरबानी कर के एक को प्रिंस की तरह पालिए। उसे अच्छा खिलाइए, पिलाइए और उसे प्यार व सम्मान दीजिए व दूसरे बच्चे को उन बच्चों की तरह पालिए जैसे हिन्दुस्तान के चाइल्ड लेबर पाले जाते हैं, तब आपको पता लगेगा कि 70 वर्षों में हिन्दुस्तान कहां पहुंच गया है और क्यों पहुंच गया है और उसका क्या समाधान है? मैं यही बताना चाहता हूं कि जिस तरह से piecemeal तरीके से हिन्दुस्तान में बच्चों के लिए काम किया जा रहा है, वह हिन्दुस्तान के भविष्य को खराब कर रहा है। इससे फायदा नहीं होगा।

आपने बच्चों में डिवीजन कर दिया है। पूरी दुनिया चाहती है कि 18 साल से नीचे का बच्चा काम न करे, शिक्षा प्राप्त कर अपना कैरियर बनाए और एक इज्जतदार जिन्दगी का सपना देखे, लेकिन आप बता रहे हैं कि बच्चा family enterprise में काम करेगा। मैं आपको आगाह करना चाहता हूं, अभी कुछ साल पहले दिल्ली में एक भयानक घटना घटी जिस में एक लड़की निर्भया के साथ दुर्व्यवहार हुआ। उस अपराध में जो सब से छोटा बच्चा था, जिसने उस लड़की पर सब से ज्यादा atrocities commit कीं, वह चाइल्ड लेबर था। वह family enterprise से चाइल्ड लेबर लगाया गया था। इस से चाइल्ड लेबर के शिकार बच्चों का जो मानिसक स्तर है, उसकी जो इतनी नैतिक क्षति हुई है, उसका आप अंदाज़ लगा सकते हैं। क्या आपको इसे assess करने में देर लग रही है? मैं कहूंगा कि आपको सच्चाई का रूबरू होकर सामना करना चाहिए और अपने सेल से बाहर निकल आना चाहिए।

सर, मैं बार-बार कहता रहा हूं कि जो लोग हिन्दुस्तान में गरीबी के इश्यू को address करना चाहते हैं, वे अपने आप को और राष्ट्र को भी धोखा दे रहे हैं। आज मुद्दा गरीबी नहीं बल्कि productivity है। आज की तारीख में जो भी हिन्दुस्तान में पैदा हो, चाहे वह किसी भी कौम में हो, चाहे किसी मज़हब या धर्म या जाति में हो, उसे पढ़-लिखकर world class human resource बनने और एक इज्जतदार जिन्दगी जीने का अधिकार मिलना चाहिए। आज जब हम गरीबों की बात करते हैं, तो यह गरीबी इस सिस्टम का खेल है। यह गरीबी हिन्दुस्तान में 1947 तक थी, यह 1950 तक थी तो गनीमत थी, 1950 के बाद जब देश में हमारा संविधान लागू हो गया, उसके

[श्री रवि प्रकाश वर्मा]

बाद अगर देश में गरीबी कायम है, तो उसके लिए सरकार गुनहगार है और सिस्टम गुनहगार है। हिन्दुस्तान का हर आदमी जो मेहनत कर के आगे बढ़ना चाहता है, अगर वह शिक्षित और हुनरमंद नहीं हुआ है, तो वह under-productive है। वह गरीब और लाचार मजदूर नहीं है। हम इसकी definition को कब बदलेंगे? आज बताया जा रहा है कि गरीबी के कारण बच्चों को नौकरी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सर, हम इस व्यवस्था पर भी सवाल उठाना चाहते हैं। आज हमारी परिस्थिति ऐसी क्यों बन गई कि हमारे यहां बहुत बड़ी तादाद में ऐसे लोग गरीब हैं, जिनके बच्चों को मजदूरी करनी पड़ रही है? सरकार चाहती थी कि बच्चे स्कूल में हों, लेकिन बच्चे स्कूल में नहीं हैं। सारी सरकारी मशीनरी और सारी सरकारी व्यवस्थाएँ असफल हो रही हैं और बच्चा चाइल्ड लेबर बन रहा है। आज हम कंसेशन कर रहे हैं कि 14 से 18 साल के बच्चे को फैमिली इंटरप्राइज़ में काम करने का मौका देंगे। आप देख लीजिए, 80 परसेंट से भी ज्यादा वे बच्चे, जो चाइल्ड लेबर से रिट्रीव किए गए हैं, वे फैमिली मेम्बर्स के साथ ही ट्रैफिकिंग के शिकार हुए हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): रवि प्रकाश जी खत्म कीजिए।

श्री रवि प्रकाश वर्मा: सर, मैं पांच मिनट में खत्म कर देना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): नहीं, नहीं, आपका समय खत्म हो गया है।

SHRI RAVI PRAKASH VERMA: Sir, the Government has to take cognisance of the system. सर, मैं अपनी पार्टी से अकेला मेम्बर बोल रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): I am sorry, your time is over.

श्री रवि प्रकाश वर्मा: सर, आपको मुझे मौका देना चाहिए। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि सच्चाई तो यह है कि जो हैजार्डस इंस्ट्रीज़ हैं, आज उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत उन्हीं नन्हे बच्चों की है। मैं अभी कुछ दिनों पहले टी. वी. देख रहा था। यह हैरत की बात है कि 2016 में, दिल्ली के आसपास बहुत-सी ऐसी कैमिकल इंडस्ट्रीज़ हैं, जहां पर नन्हे-नन्हे बच्चों का प्रोक्योरमेंट किया जाता है। उनसे काम लिया जाता है। वे जानते हैं कि जो ये काम करने वाले हैं, वे बचेंगे नहीं। सर, मैं टी.वी. में देख रहा था कि किस तरीके से बच्चों को लाया जा रहा था, किस तरीके से उनसे काम लिया जा रहा था, कैसे उन हैजार्डस गैसेज़ के माध्यम से उनके लंग्स छलनी हुए जा रहे थे। जब वे मर जाते हैं, तो बच्चों को बतलाया जाता है कि वह मामा से मिलने चला गया है। It was really pathetic. पता नहीं, आपने देखा है कि नहीं देखा है, लेकिन आपको देखना चाहिए था कि हम अपने बच्चों के साथ कैसा सलूक कर रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Please conclude.

श्री रवि प्रकाश वर्मा: हैजार्डस इंडस्ट्रीज की जो सूची बनाई है, प्लीज़ उसको रिवाइज़ कीजिए। आप प्लीज़ उसको रिवाइज़ कीजिए। हम इसके लिए जमीन से लेकर आसमान तक लड़ने को तैयार हैं कि हम आपको यह चेतावनी देना चाहते हैं कि आप, किसी भी हाल में 14 से 18 साल तक के बच्चों को काम पर लगाने का प्रयास मत कीजिएगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Thank you. Shri A. Navaneethakrishnan.

SHRI RAVI PRAKASH VERMA: Sir, only one minute. I am concluding, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): No, no. I have already called Shri A. Navaneethakrishnan. ...(*Interruptions*)...

श्री रवि प्रकाश वर्माः उपसभाध्यक्ष जी, ट्रैफिकिंग एक इंडस्ट्री बनकर सामने आ गई है। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): No, no. ...(*Interruptions*)... Nothing will go on record.

श्री रवि प्रकाश वर्माः *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Shri A. Navaneethakrishnan.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Thank you, hon. Vice-Chairman. I thank hon. Amma. Before entering into merits and demerits of The Child Labour (Prohibition and Regulation) Amendment Bill, 2012, I would humbly submit before the august House that in Tamil Nadu, because of the best efforts taken by hon. Chief Minister Amma, there is no child labour. It has been eradicated. I would further say that there is no adolescent labour in Tamil Nadu because of the efforts taken by the hon. Chief Minister. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Please address the Chair.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: I want to record it. Because of the best efforts taken by hon. *Amma*, no child is suffering from any difficulties. Yesterday, the school children were invited by hon. *Amma* to her chamber and she distributed the sweets. She gave a very good piece of advice to them for their very good future. She is always working for the welfare of the children. She has given much attention to the school education. I would also like to make it very clear that she has ordered English-medium classes in Government Schools. It includes LKG and UKG. It is happening in Tamil Nadu. There cannot be any dispute about it. I am saying this because the constitutional goals have been fulfilled by hon. Chief Minister *Amma*.

I would like to draw the kind attention of this august House to Article 39(f) of the Constitution. It says, "that children are given opportunities and facilities to develop in a healthy manner and in conditions of freedom and dignity and that

* Not recorded.

childhood and youth are protected against exploitation and against moral and material abandonment." In Tamil Nadu, hon. Chief Minister *Amma* has provided bicycles, notebooks, laptops, etc. free of cost. Now, other States are copying her. So, she has taken right steps to protect the interests of the children as contemplated under Article 39(f). Further, I would like to draw the kind attention of the august House to Article 39(e). It says, "that the health and strength of workers, men and women, and the tender age of children are not abused and that citizens are not forced by economic necessity to enter avocations unsuited to their age or strength." So, in Tamil Nadu, no child labour is prevailing.

Sir, I would like to draw the kind attention of the House to the definition of 'child' as given in the amendment Bill. A child means a person who has not completed his fourteenth year of age or such age as may be specified in the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, whichever is more. I humbly submit that the second part "or such age as may be specified in the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, whichever is more" is inappropriate. It is not correct. It is a defective one because the Right of Children to Free and Compulsory Education Act says that child means a male or female child of the age of six to fourteen years. This is with regard to free and compulsory education. This definition itself is now defective because child means a male or female child of the age of six to fourteen years. Now, transgenders have been recognised by the Supreme Court of India as third gender. Now, it is not mentioned here. Suppose a transgender child is employed in hazardous employment or prohibited employment, then we cannot punish the person who is employing that transgender because the definition of child under the Right of Children to Free and Compulsory Education Act includes only a male or a female. But, this definition "a person who has not completed his fourteenth year of age" is a correct definition. So, the second part must be deleted. I very honestly and sincerely request the Government to delete this portion. Otherwise, if a transgender is employed, an employer cannot be convicted. So, that is why, I humbly request and urge the Central Government to make necessary amendment in the definition of 'child' in this amendment Bill.

Further, I would like to draw the kind attention of this august House to certain Articles of our Constitution which are, I think, very relevant for our discussion. I think, in a way, a complete approach has not been adopted by the Government to abolish child labour. That is why, I am troubling the hon. Vice-Chairman to seek permission to read the relevant provisions of the Constitution. Article 45 provides for early childhood care and education to children below the age of six years. It says, "The State shall endeavour to provide early childhood care and education for all children until they complete the age of six years." So, even the Right of Children

to Free and Compulsory Education Act is defective. It is not in consonance with Article 45 because it contemplates children of six to fourteen years age. As per this definition, a child means a male or female child of the age of 6-14 years whereas Article 45 contemplates that the State shall endeavour to provide early childhood care and education for all children until they complete the age of 14 years. So, from the birth onwards, the State must take care of it. That is neglected.

Then, I would like to draw the kind attention of this august House to the 40th Report of the Standing Committee on Labour. I may be permitted to read the relevant portions because this Report's findings are not incorporated in the Bill. At page 28, I quote: 'The Supreme Court, in its judgement in the case of M.C. Mehta, had observed that providing an alternative source of income to the family is a prerequisite for the eradication of child labour and that employment should be provided to an adult in the family in lieu of a child working in a factory or mine or any other hazardous workplace'. That is omitted.

Then, as per the Amendment Bill, the District Magistrate is conferred with powers to implement these provisions of this Act. But the Committee finds that the Bill is also silent in this regard. The Committee, therefore, recommends that Vigilance and Monitoring Committees headed by local MPs may be constituted to review the implementation of not only the Child Labour (Prohibition and Regulation) Act but also all the Labour Acts in their areas every three months.

There is one more point, Sir. Just one minute more.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): One minute only.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: I would like to submit to this hon. House that because of the best efforts taken by hon. *Amma* and I repeat, because of the efforts taken by hon. Chief Minister *Amma*, the Survey by the Ministry of Human Resources Development found a significant dip in school dropouts in Tamil Nadu. Not only this, the State has also achieved 99.3 per cent school enrolment of 6-14 year olds in rural areas which makes it the highest in the country as per the Annual Status of Education Report. So, in Tamil Nadu, there is no child labour, thanks to hon. Chief Minister *Amma*. Thank you, Sir.

श्री विवेक गुप्ता (पश्चिमी बंगाल): थैंक्यू वाइस चेयरमैन सर। मैं कुछ बोलूं, उससे पहले मैं संविधान की दो धाराओं की तरफ मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सर, धारा नं. 24 है, 'Prohibition of Employment of Children in Factories' और धारा न. 23 बहुत इंटरेस्टिंग है, 'Prohibition of Trafficking in Human Beings and Forced Labour' सर, माइंड किया जाए, 'Forced Labour'.

[श्री विवेक गुप्ता]

सर, पहली बात तो यह है कि 18 साल के बच्चे को हम वोट नहीं देने देते, क्योंकि वह सही-गलत का फैसला नहीं कर सकता है और 18 साल से पहले हम उसको शादी करने नहीं देते, क्योंकि हमें लगता है कि उस समय तक उसकी मानसिक स्थिति शादी के लायक नहीं होती, तो फिर 18 साल से पहले हम उसको काम करने के लिए कैसे मजबूर करते हैं? सर, मुझे यह समझ में नहीं आता है कि 18 साल से पहले वह इस स्थिति में कैसे आ जाता है कि वह इस बात का फैसला कर सके कि मुझे काम करना चाहिए या नहीं करना चाहिए और वह काम hazardous है या नहीं है? सर, यह चॉयस तो उस बच्चे की होनी चाहिए, हम लोग चॉयस क्यों कर रहे हैं कि वह hazardous है या नहीं है?

सर, जैसे छोटी क्लासेज़ में बच्चे जब लैसन सीख नहीं सकते हैं, तो उनको लैसन बार-बार रिपीट करवाया जाता है, उसी तरह 2012 तक पिछली सरकार ने जो गलतियां की थीं, आपके माध्यम से मैं उस तरफ इस सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा, शायद मंत्री जी उन गलतियों को सुधार दें। सर, पिछले साल मैंने इसी सब्जेक्ट पर एक स्पेशल मेंशन भी दिया था और उसमें मैंने सरकार को इस बारे में आगाह करने की चेष्टा भी की थी। सर, artist और family enterprise, इन दोनों को छूट दी गई है। मज़े की बात यह है कि जो hazardous industries हैं, वे family enterprise में ही exempt हो जाती हैं। उदाहरण के तौर पर carpet weaving का काम है, जिसमें कई बार बच्चों के हाथ में सुई तक घुस जाती है। बीड़ी बनाने का काम, घर का काम और agricultural work. सर, मैं agricultural work के बारे में कुछ बताना चाहूंगा। Agricultural work को non-hazardous में रखा गया है, जबकि insecticides और pesticides spray करना agriculture का ही पार्ट है। हमारे देबूदा हैं, जो फॉर्मर आईएएस ऑफिसर हैं, आज उन्होंने मुझे एक मज़ेदार चीज़ बताई, जो मुझे भी नहीं पता थी। बच्चों को जब खेती-बाड़ी का काम करना पड़ता है, तो मिट्टी पाटने के लिए उनको मिट्टी में हाथ सानना पड़ता है और कितनी बार नदी में उतर कर काम करना पड़ता है। यह non-hazardous है, लेकिन इसमें कई बच्चे बह जाते हैं और कई बच्चे मिट्टी में दब कर मर जाते हैं, लेकिन यह non-hazardous में आता है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान इस ओर भी आकर्षित हो।

सर, कानून होने के बावजूद भी 12 लाख बच्चे अभी हैज़ार्डस इंडस्ट्रीज में काम कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि इन 12 लाख बच्चों को तो हम नहीं बचा पा रहे हैं, यहां पर इंप्लीमेंटेशन हो नहीं पा रहा है, अगर इस कानून में और ढिलाई हो जाएगी, तो फिर इंप्लीमेंटेशन के कहीं और बारह न बज जाएं। हमारे ऊपर अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिटी भी हंस रही है, क्योंकि उन्होंने कई बार हमसे आग्रह किया है कि इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन के कन्वेंशन नंबर 182 में जो है, जिसमें कि चाइल्ड लेबर को एलिमिनेट करने की बात कही है, उस पर न हम कोई रेटिफाइ कर रहे हैं और न कोई जवाब दे रहे हैं। मैं आपके माध्यम से चाहूंगा कि मंत्री जी इस पर भी कुछ रोशनी डालें, इस पर भी कुछ जवाब दें। मजे की एक बात और है, जैसा अभी नवनीत जी ने स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट नंबर 40 का कहा है, उसी रिपोर्ट में एक बड़ा मजेदार ऑब्जर्वेशन है कि यहां पर तो हम खाली चाइल्ड और एडोलसेंट कह रहे हैं, वहीं कहीं उसको जुविनाइल बोला गया है। इससे भी आश्चर्यजनक बात यह है कि हर अलग-अलग एक्ट में चाइल्ड को अलग-अलग डिफाइन किया गया है। कहीं उसकी उम्र 14 बताई जाती है, कहीं 16 बताई जाती है, कहीं 15 बताई जाती है। इसकी डेफिनेशन अलग-अलग है। मैं चाहूंगा कि इसी बिल के माध्यम से मंत्री जी चाइल्ड को एक डेफिनेशन में बांध दें।

सर, मंत्री जी जानते ही होंगे कि "राइट टू एजुकेशन" जैसे पॉजिटव स्टेप्स में बच्चों का जो चाइल्ड लेबर था, वह करीब-करीब 12.6 मिलियन से घटकर 4.3 मिलियन हो गया है। इस बिल में एक लास्ट प्रॉब्लम और बताना चाहूंगा कि सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेशन आजकल एक नयी टर्म आयी है। जब 1982 में यह एक्ट बनाया गया था, उस समय सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेशन क्या था, हम नहीं जानते थे। एडल्ट्स के लिए सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेशन का कानून आ गया, लेकिन बच्चों के लिए इस बिल में कुछ नहीं है। अब यहां ये काम करेंगे, चाहे वे किसी फैमिली में करें या आर्टिस्ट के यहां करें, जहां पर भी करें, इनका भी सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेशन हो सकता है। इसका उनके लिए कोई प्रिवेंशन, कोई प्रावधान नहीं रखा गया।

सर, मेरे कुछ सुझाव हैं, जो मैं यहां पर रखना चाहूंगा। बच्चों को एज में न बांधें, बच्चों को स्कूल लीविंग तक का किया जाए कि जब तक वे स्कूल से पढ़कर न निकलें, उनको कोई काम न दिया जाए। मॉनिटरिंग के लिए डिस्ट्रिक्ट मेजिस्ट्रेट को कहा जा रहा है, मैं चाहूंगा कि लोकल एमपी, कम से कम उस इलाके से जो एमपी हैं, उनको उसमें रखा जाए, क्योंकि उस एरिया के लोगों को एक एमपी समझता है।

सर, हमारी दीदी का मानना है कि बच्चे कोमल फूल होते हैं, उनको पनपने का, खिलने का मौका मिलना चाहिए। इनको स्किल डेवलपमेंट दिया जाए, नौकरी कराने के बजाय उनको ट्रेनिंग दी जाए, ताकि वे भी फ्लरिश कर सकें। मैं बंगाल का कुछ एग्जाम्पल देना जरूरी समझता हूँ, ताकि यहां उसको कुछ समझ सकें। युनाइटेड नेशंस में हमारी दीदी ने एक प्रोग्राम लांच किया, उसका नाम "कन्याश्री" है। यह "कन्याश्री" क्या है? "कन्याश्री" यह था, हमारे यहां खासकर जो लड़कियां हैं, उनकी जल्दी शादी हो जाती है, जो एक आम सच्चाई है। इसको डिले करना बहुत जरूरी था। हम लोग चाहते थे कि वे पढ़ें, लिखें, अपना पूरा पोटेंशियल रियलाइज करें। अब हमारे यहां "कन्याश्री" करके एक स्कीम शुरू हुई है कि जब कोई 18 साल तक स्कूल में या अपनी पढ़ाई-लिखाई कर रही होगी, तो उसको एक लंपसम रुपया मिलेगा और तब तक उसको महीना भत्ता भी मिलेगा। इसका बहुत अच्छा असर यह आया है कि कई लड़कियों को जो सैक्रिफाइस कर दिया जाता था, जिनकी जल्दी शादी कर दी जाती थी, वह रूक गई हैं, वे बचा ली गई हैं और कम से कम अब वे अपना भविष्य खुद तय कर रही हैं। इसको युनाइटेड नेशंस ने एप्रीशिएट किया है और सेंट्रल गवर्नमेंट ने भी एप्रीशिएट किया है। इसका कुछ असर "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" में भी देखने को मिलता है।

सर, "युवाश्री" एक और कार्यक्रम है। इसके बाद एक और इंटरेस्टिंग कार्यक्रम हमारी दीदी ने लांच किया, इसका नाम है- *'Sabooj Sathi'*। सर, यह देखा गया था कि एक लड़की को या किसी बच्चे को स्कूल पहुंचने में औसतन 45 मिनट से एक घंटा लगता है। इसके कारण ज्यादातर बच्चे स्कूल छोड़ देते थे। तो इस एक घंटे के समय को कम कैसे किया जाए, इसके लिए दीदी ने ब्रेनचाइल्ड निकाला कि उन बच्चों को साइकिल दी गई। अब ये बच्चे दस मिनट से भी कम टाइम में स्कूल पहुंचते हैं और इनका स्कूल ड्रॉपआउट बंगाल में बहुत कम हो गया है। अगर इसको सेंट्रल गवर्नमेंट नेशनली एडॉप्ट करे, तो बहुत बढ़िया हो सकता है। साथ में इनके सोशल डेवलपमेंट का भी ख्याल रखा जाए। सर, "अपराजिता" नाम से मालनरिश्ड बच्चों के लिए भी हम लोगों ने स्पेशल कार्यक्रम किया है और "अपराजिता" से डीडी-वन, दूरदर्शन में हम लोगों को अवेयरनेस दिला रहे हैं कि बच्चों को पढ़ाओ, बच्चों को काम पर न लगाओ। सर,

अंत में मैं बच्चों की आवाज में आपको संबोधन कर रहा हूँ—

जरा सा कम हूँ मैं, फिर भी नामुकम्मल हूँ मैं,
यहां मिले हैं मुझे सभी, मुझको टालने वाले।

धन्यवाद।

SHRIMATI JHARNA DAS BAIDYA (Tripura): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to oppose the Child Labour (Prohibition and Regulation) Amendment Bill, 2012. We strongly oppose legalising child labour in "family enterprises". This is a retrograde measure which legalizes the exploitation of the labour of children below the age of 14. To suggest that "poverty and the social fabric of India" justify the use of child labour, I think, it will be to punish children for their poverty.

The Government's economic reforms promote 'outsourcing'. Many developed industries farm out work to contractors who further farm out work to families who work round the clock at exploitative rates. This is in addition to other trades such as bidi making, agarbattis, carpet weaving, etc., where children are forced to work. Since it is impossible to regulate "family enterprises" such an amendment will open the floodgates for the rampant use of child labour.

Coming as it does in the wake of the severe cuts in the budgetary allocations for children's development, the proposed amendment exposes the callous approach of this Government to children's rights.

The Employment Survey of 2013-14 (Volume 1) shows that only 52.5 per cent of the people above the age of 15 years are in the labour market, and of them, a majority *i.e.*, 51 per cent of men and 49.2 per cent of women workers are self-employed. About 29.3 per cent of men and 36.5 per cent of women are casual workers. Of the casual workers, only 42.9 per cent of the workers get 12 months of work, whereas more than half the casual workers and, at least, one fourth of the self employed workers do not get more than six months of employment. In this situation, the legalisation of child labour will only worsen the situation because it will induce the employment of children in place of able bodied adult workers. Hence it will create conditions for augmenting unemployment and increasing the labour reserve which will further depress wages.

We are opposing the Bill as we have many concerns. A household enterprise is nothing but an exit route to allow children to work. Also there is a need for rehabilitation of adolescent worker.

The International Labour Organisation (ILO) too had said that the clause needs to be further debated. The proviso is very crucial as not only education but also

health and welfare of children is important. But it is a clause that should be further debated. How do you monitor it? So the child labour law has to be set in that context.

The amendments to the Child Labour Act can also be seen as a part of this exercise and its implications for the labour market are yet to be properly analysed.

In reply to a question given in Parliament by the Ministry on 14th March, 2016 the main workers in the age group 5-14 years as per Census, 2011, are 43,53,247. And Uttar Pradesh has witnessed 13 per cent increase in child labour. With one out of every five child labour in India belonging to the State of U.P., the total number of child labour in the State is 8,69,301. Interestingly, more than half of the working children in India are concentrated in just five States, namely, Bihar, Uttar Pradesh, Rajasthan, Madhya Pradesh and Maharashtra. These States account for more than 55 lakh child workers. We feel the provisions on hazardous child labour have been diluted in this Amendment Bill of 2012.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Please conclude.

SHRIMATI JHARNA DAS BAIDYA: We demand total eradication of child labour up to the age of 18 years. No more regulation of child labour is required. It should be completely prohibited up to the age of 18 years. We want that the provision pertaining to a time-bound rehabilitation of child labour should be incorporated in the Act. We are against the practice of allowing children to work beyond school hours, or, allowing children to work in aid of their families or asking them to do home-based work. Our demand is that there should be a complete ban on any form of child labour, anywhere, and at any point of time.

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रम (ओडिशा): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज के माहौल में बच्चों को उनका अधिकार दिलाने तथा सुरक्षित रखने की दृष्टि से यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुझे इस बिल के ऊपर बोलने का मौका देने के लिए मैं आभार प्रकट करती हूं। इस मौके पर अपनी पार्टी बीजू जनता दल और हमारे नेता, ओडिशा में माननीय मुख्य मंत्री श्री नवीन पटनायक जी का भी आभार प्रकट करना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे संसद के उच्च सदन में ओडिशा का प्रतिनिधित्व करने और जनता की सेवा करने का अवसर दिया। महोदय, मेरे पिताजी श्री सी.पी. मांझी 1972 से 1978 तक इस सदन में सांसद रह चुके हैं और वे पैट्रोलियम और केमिकल मिनिस्टर भी रह चुके हैं और स्टेट में एस.सी., एस.टी. और एजुकेशन मिनिस्टर भी थे। उन्होंने विशेषकर आदिवासी महिला और दलित वर्ग तथा पिछड़े वर्ग के शैक्षिक विकास के लिए पूरी जिंदगी काम किया है, जिसने मुझे प्रभावित किया और उन्हीं की राह पर चलते हुए मैं भी पोलिटिक्स में आई। मैं स्टेट में एम.एल.ए. थी तथा हैण्डलूम टैक्सटाइल्स मिनिस्टर भी रह चुकी हूं। अभी इस उच्च सदन में फिर से जो मुझे मौका मिला जनता की सेवा के लिए और यहां उच्च सदन में आकर मुझे मेडन स्पीच बोलने का जो मौका मुझे बहुत अरसे के बाद मिला है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Is it your maiden speech?

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रमः महोदय, आज जिस विषय पर चर्चा हो रही है, चाइल्ड लेबर या बाल श्रमिक, केवल भारत में नहीं, बल्कि पूरे विश्व में एक चैलेंज की तरह उभरा है। लेकिन 2001 की जनगणना के हिसाब से भारत में सबसे ज्यादा बाल श्रमिक हैं। सर, गरीब और सामाजिक सुरक्षा की कमी बाल श्रम का प्रमुख कारण माना जाता है। 80 परसेंट बाल श्रमिक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। हर चार में से तीन बच्चे अपने माता-पिता द्वारा कृषि क्षेत्र में पाए जाते हैं। 14 से 18 साल के अंदर के बीच 20 परसेंट बच्चे खतरनाक कामों में नियोजित होते हैं। तो भारत समेत विश्व में सभी विकासशील देशों में बाल मजदूरी का सबसे मुख्य कारण गरीबी, शिक्षा की कमी, अमीर और गरीब के फासले में वृद्धि और भुखमरी हैं। 5.5 मिलियन बाल श्रमिक, ज्यादातर बिहार, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में केंद्रित हैं।

महोदय, "बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2012" बिल राज्य सभा में दिसम्बर, 2012 में introduce हुआ था। इस बिल में यह प्रावधान है कि अगर एक बच्चा जिसकी उम्र 14 साल से कम है और एक किशोर जिसकी उम्र 14 साल और 18 साल के अंदर है, उनको शिक्षा अधिकार कानून, 2009 के तहत प्राथमिक शिक्षा दी जानी चाहिए, लेकिन आज तक उनको इसका फायदा ठीक तरह से नहीं मिला है।

सर, भारतवर्ष में प्रारंभ से ही बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है, लेकिन आज की तस्वीर इससे बिल्कुल अलग है। बाल श्रम की वजह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे सबसे ज्यादा शोषण के शिकार हो रहे हैं। बचपन हर एक के जीवन का सबसे खुशनुमा और जरूरी अनुभव माना जाता है, क्योंकि बचपन सीखने का बहुत जरूरी और दोस्ताना समय होता है। बच्चों को अपने माता-पिता से प्यार, परवरिश, स्कूल जाने, दोस्त के साथ खेलने का पूरा अधिकार होता है। बाल मजदूरी के कारण हर दिन न जाने कितने अनमोल बच्चों का जीवन बिगड़ रहा है। बाल श्रम मानव अधिकार का खुला उल्लंघन है। यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक हितों को प्रभावित करता है। बच्चे आज के परिवेश में भी घरेलू नौकर का कार्य कर रहे हैं। वे होटल्स, कारखानों, बीड़ी फैक्ट्रियों, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन्स, पटाखे के कारखानों और दुकानों आदि में काम कर रहे हैं, जिससे उनका बचपन पूर्णतः प्रभावित हो रहा है।

महोदय, भारत के संविधान का अनुच्छेद 26 यह स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को ऐसे कारखानों इत्यादि में न रखा जाए, जो खतरनाक हों। कारखाना अधिनियम, बाल अधिनियम, बाल श्रम निरोधक अधिनियम आदि भी बच्चों के अधिकार को सुरक्षा देते हैं।

सरकार द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जिनसे बच्चों के जीवन और शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन बाल श्रम की समस्या फिर भी विकट समस्या के रूप में विराजमान है। कम उम्र के बच्चों से जिन कारखानों, फॉर्म्स, दुकानों आदि में काम कराए जा रहे हैं, उन सब जगहों पर ठीक तरह से छापा पड़े और उनके मालिकों या employer के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बाल श्रम या बच्चे को नियोजित की जाने वाली जगहों पर रूटीन जांच होनी चाहिए। इसके लिए जिला में कलेक्टर और एसपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिन बच्चों को rescue किया जाता है, उनको ठीक तरह से educate करना चाहिए।

5.00 P.M.

जो पढ़ना चाहते हैं, वे तो पढ़ेंगे ही। हमारा मयूरभंज जिला है, वह बहुत बड़ा जिला है, उसमें 26 ब्लॉक्स हैं। वहां पर जिन बच्चों को rescue किया जाता है, उनको एक जगह रखा जाता है। वे लोग पढ़ाई भी करते हैं, लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ उनको ठीक ढंग से vocational training या Skill Development के तहत ट्रेनिंग दी जाए, तो इससे उनको रोजगार मिलने में सुविधा होगी।

जो लोग बार-बार गलती कर रहे हैं, उनके लिए जुर्माने की राशि जो 10 हजार रुपए है, उसको और बढ़ाना चाहिए, क्योंकि नियम-कानून ठीक न होने से हम आज जो बिल ला रहे हैं, वह ठीक तरह से implement नहीं हो पाएगा। जो एनजीओज़ हैं, उनको और भी एक्टिव होकर इस दिशा में काम करना चाहिए।

महोदय, बिल में जो प्रावधान है, उसके अनुसार 14 साल के कम उम्र का बच्चा अगर स्कूल के बाद अपने परिवार के बिजनेस में हाथ बंटाता है, तो वह अपराध की श्रेणी में नहीं आएगा। इस प्रावधान के कारण चाइल्ड लेबर को रोकने में मुश्किल हो सकती है। उसी तरह, फिल्म या टीवी में काम करने वाले बच्चे भी शोषण का शिकार होते हैं, तो उन्हें छूट देते समय भी यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिए थी। दूसरी बात यह है कि जिला स्तर पर चाइल्ड लेबर की मॉनिटरिंग कौन करेगा, यह महत्वपूर्ण बात है। मेरा सुझाव है कि स्थानीय एमपी को इसकी मॉनिटरिंग का अधिकार मिलना चाहिए। जहां तक खतरनाक उद्योग की परिभाषा का सवाल है तो इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की इस संबंध में काफी व्यापक परिभाषा है और हमें भी उस परिभाषा को अपनाना चाहिए। इस बिल में अच्छी बात यह है कि चाइल्ड लेबर से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास के लिए फंड की व्यवस्था की गई है। साथ में, मैं यह कहना चाहूँगी कि चाइल्ड लेबर में भी अधिकांश वीकर सेक्शंस और दलित-आदिवासी बच्चे शामिल होते हैं, इसलिए पिछड़े समुदाय का विकास इससे बाधित होता है। चाइल्ड लेबरर्स हर प्रकार के शोषण का शिकार बनते हैं, इसलिए हमें न सिर्फ चाइल्ड लेबर का क़ानून बनाना होगा, बल्कि जमीन पर उनका सही ढंग से इम्प्लिमेंटेशन भी करना होगा, तभी जाकर सुधार आएगा।

हमारे ओडिशा के माननीय मुख्य मंत्री जी ने जन्म से लेकर मृत्यु तक की कई लोकप्रिय योजनाएँ बनाई हैं। शिशु और मां के लिए "ममता योजना" है, जिसमें गरीब घरों में शिशु के जन्म के बाद पांच हजार रुपये की चार किस्तों में सहायता दी जाती है। तीन साल से छः साल तक बच्चों के लिए "नुआ अरुणिमा योजना" है, जिसके तहत उनको प्राथमिक विद्यालय तक की शिक्षा दी जाती है। जो निर्माण-कार्य के समीप हैं, उनके बच्चों के लिए सहायता दी जाती है। मछुआरों के परिवारों और बच्चों के लिए 3,000 रुपये लेकर 7,500 रुपये तक की सहायता दी जाती है। गवर्नमेंट स्कूल्स और एडेड स्कूलों में पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले बच्चों के लिए चार जोड़ी यूनिफॉर्म्स मुफ्त में दी जा रही हैं। "बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम" में नौवीं और दसवीं कक्षा तक पढ़ाई जारी रखने के लिए 3,200 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। सब-गवर्नमेंट, नॉन-गवर्नमेंट और एडेड हाई स्कूलों में जो लड़कियां दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही हैं, उनको साइकिल दी जाती है। उनके अलावा, एससी, एसटी तथा बीपीएल परिवार के छात्रों को भी साइकलें दी जाती हैं। इसी कारण, उनका ड्रॉपआउट बहुत कम हुआ है। इसके अलावा, बच्चों और महिलाओं को जरूरत के समय तत्काल मदद के लिए "महिला और शिशु डेस्क" बनाया गया है। ओडिशा के सभी पुलिस थानों में "शिशु डेस्क" की स्थापना की गई है और महिला श्रमिकों को दो बेटियों तक की शादी में सहायता राशि के रूप में 5,000 रुपये दिए जाते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY) : Excuse me. Excuse me for a second. Kindly listen to her. This is her maiden speech. Please listen to her. I appeal to everybody to please listen to her. ...(*Interruptions*)... Please continue. ...(*Interruptions*)... आप बोलिए।

श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रमः महोदय, इस अहम बिल के ऊपर मुझे बोलने का मौका दिया गया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करती हूँ और हमारे देश के बच्चों के भविष्य के लिए इस क़ानून को सख्त बनाने और इसको इस्तेमाल करने के लिए सरकार से विनती करती हूँ। इसी के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करती हूँ, धन्यवाद।

श्री राजाराम (उत्तर प्रदेश)ः उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2012 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारी पार्टी की नेता बहन सुश्री मायावती जी ने मुझे इस बहस में बहुजन समाज पार्टी का पक्ष रखने का मौका दिया, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, यह विधेयक बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश की भावी आशाओं या किशोर से जुड़ा हुआ है, जिसकी तादाद भारतवर्ष में करोड़ों में है। महोदय, बाल श्रम आधुनिक भारत निर्माण के लिए एक अभिशाप है। जहां हमें 1947 में आज़ादी हासिल हुई, वहीं आज भी हमारी कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा श्रम की गुलामी में फंसा हुआ है। यह एक तरह से आर्थिक गुलामी का प्रतीक है। अगर देखा जाए तो बाल श्रम में पाए जाने वाले अधिकांश बच्चे दलित समाज, आदिवासी समाज, पिछड़ी जातियों तथा अल्पसंख्यक समाज से ही आते हैं। इससे यह साबित होता है कि आज़ादी को प्राप्त हुए करीब 70 साल होने जा रहे हैं, लेकिन आज भी इस देश में समता मूलक समाज नहीं बन पाया है। जो पिछली सरकारें रही हैं, यह उन सरकारों की दलित, पिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक विरोधी सोच को ही दर्शाता है।

महोदय, अगर इस विधेयक पर दी गयी स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट को पढ़ा जाए तो यह पता चलता है कि यह विधेयक आईएलओ के कन्वेंशन नं. 138 तथा 182 की तर्ज पर बनाया गया है। बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आईएलओ का कन्वेंशन नं. 138 सन् 1973 में पारित हो गया था, यानी यह कन्वेंशन 43 सालों से हमारे यहां लम्बित है और कन्वेंशन नं. 182 सन् 1999 में आईएलओ ने पारित किया। दोनों कन्वेंशन बच्चों के मानवाधिकारों की बात करते हैं। भारत आईएलओ का शुरू से ही सदस्य रहा है, लेकिन भारत आज़ादी के बाद अब तक बच्चों का उत्पीड़न रोकने के लिए कोई ठोस कानून नहीं बना पाया। अगर कानून बनाया भी, तो भी उसमें कुछ कमियां रह गयीं, जिनकी वजह से आज भी यह कानून बेअसर साबित हो रहा है।

महोदय, अगर एशियन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स के आंकड़ों को माना जाए, तो 2001 से 2011 के बीच, इन दस सालों में बच्चों से हो रहे बलात्कारों की जो एफआईआर दर्ज हुई हैं, उनकी संख्या 48,338 है। इन दस वर्षों में बलात्कार की जो घटनाएं बच्चों के साथ हुई हैं, इनमें 336 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बहुत ही चिंता का विषय है। भारत का प्रत्येक चौथा बालक आज भी बाल श्रम के चलते स्कूल नहीं जाता है। 2001 की जनगणना के अनुसार 5 से 14 वर्ष की उम्र के 1 करोड़ 26 लाख बच्चे आज भी श्रम की हैसियत से काम करते हैं।

महोदय, आज भी जो कानून हम बना रहे हैं, वैसा कानून 1960 से पहले ही बन जाना

चाहिए था। अगर हमने बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर जी के सुझावों पर पूरी तरह अमल कर लिया होता तो यह कानून पहले ही बन जाना चाहिए था। महोदय, चूंकि हमारे पास समय कम है इसलिए मेरे एक-दो सुझाव हैं, जो मैं आपके माध्यम से देना चाहता हूं।

इस विधेयक के अंतर्गत जो मॉनिटरिंग या नोडल अधिकारी बनाया गया है, वह जिला कलेक्टर या जिला मजिस्ट्रेट को बनाया गया है। महोदय, उनके पास पहले ही बहुत काम है। अगर जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी बनाया जाता है तो मुझे लगता है कि उससे इसकी उचित मॉनिटरिंग नहीं हो पाएगी। इसलिए मेरा सुझाव है कि इसे किसी सरकारी या गैर सरकारी लोगों तथा जो स्वयंसेवी संस्थाएं हैं, उनके अधिकार क्षेत्र में लाया जाए। यह सुचारू रूप से लागू हो रहा है, इसे देखने का काम इन लोगों को देना चाहिए। इस तरह की कमेटी बनानी चाहिए। ...(**समय की घंटी**)... महोदय, मैं अपनी बात को खत्म करूंगा। मैंने कुछ बातों को छोड़ दिया है क्योंकि मैं जानता हूं कि आपकी बेल बजेगी।

अंत में, यह विधेयक हमारे बच्चों का उत्पीड़न रोकने के लिए तथा उनका भविष्य सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक है। साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अगर हमें शोषित बच्चों का भविष्य सुधारना है तो हमें इन बच्चों की निःशुल्क शिक्षा और शिक्षा पूरी होने के बाद रोज़गार के उचित अवसर प्रदान करने होंगे। इस विधेयक को कारगर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि जिन गरीब परिवारों के बच्चे आते हैं, उन परिवारों की आजीविका सुनिश्चित करायी जाए और उन्हें बेहतर रोज़गार के अवसर प्रदान किए जाएं, धन्यवाद।

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*)

DR. NARENDRA JADHAV (Nominated): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity. Several hon. Members have made emotionally charged interventions and I completely and wholeheartedly agree with the spirit in which hon. Members, especially Shri Ravi Prakash Verma, spoke here today. बाल मजदूरी यह हमारे देश के ऊपर कलंक है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

Sir, I would like to make five observations on Child Labour (Prohibition and Regulation) Bill. My first observation is that this Bill is certainly a move in the right direction. If you look at the incidence of child labour, the Planning Commission's Twelfth Five Year Plan Document gives a time series of a broad picture of what has happened to the incidence of child labour in our country. It shows that there is a welcome decline in the incidence of child labour from 1993-94 to 2004-05 to 2009-10. While the child workforce participation has come down to two per cent, let us not forget that in the absolute terms, the number of child labour is very large, uncomfortably large. The number that is going around is about 4.35 million children in various kinds of labour. That is why this Bill is a move in the right direction.

Sir, rehabilitation of children and adolescents requires coordination among various Ministries such as Labour, Human Resource Development, Women and Child Development, Home Affairs and Rural Development. But, instead of having a

[Dr. Narendra Jadhav]
fragmented approach with a limited coordination among the Ministries, a new Child Labour Policy ought to have been brought forward, which would specify how the law should be implemented.

The third observation that I want to make is that the Standing Committee has made several recommendations. Some of those very valid recommendations have not been incorporated. For example, this Bill prohibits employment of children in any occupation but some exceptions are given. The Standing Committee had said that this provision about making exceptions available is something that creates loopholes because it is very difficult to keep a check on children working in their homes and finding out whether they are helping their parents or working to supplement their family income. Sir, my suggestion here is that all these exceptions should be removed and the employment should be prohibited in all occupations wherever there is a subordinate relationship of work and labour. This is something which needs to be done.

The next point that I have is that this Bill very rightly prohibits employment of adolescents, that is, between the age-group of 15-18. There, the meaning of hazardous occupations and processes has not been addressed. What the Bill does is to specify that the Central Government may specify the kinds of non-hazardous occupations and processes in which adolescents may be employed.

Sir, I wish to state that the meaning of hazardous occupations and processes should be widened to include all the occupations and processes that may jeopardise health, safety and morale of adolescents in line with the International Labour Organisation Convention-138.

The final point that I would like to make, Sir, is that this Bill empowers the appropriate Government to make periodic inspection of places of employment where employment of children is prohibited and hazardous occupations and processes are carried out. The Standing Committee had noted that while the Bill prohibits employment of children in all occupations and processes, the power to inspect should cover all places of work. In case of adolescents, this power may be limited to those places where hazardous occupations or processes are carried out.

Sir, I commend this Bill but with the modifications which were suggested in my intervention today. Thank you very much, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri A. V. Swamy. He is not here. Shri D. Raja.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. I have very strong reservations on this Bill. I have reasons for that. I am one who wanted

this Bill to be referred to a Select Committee for further scrutiny. Even now I hold that view. The Government may consider it. Sir, there are a few key issues. The child welfare must be the centre of our policies whenever we frame policies. They are the future. The intent of the Bill is a good one, but the content has the problem. The implementation has the problem. When I say this, Sir, there is improvement in the situation. I hail from Tamil Nadu. We had one Chief Minister, Mr. Kamaraj. When he was the Chief Minister, he introduced the Mid-day Meal Scheme, but it was a targeted one. The target was the *dalit* children. In those days, the word used was *Harijan*. That was the targeted programme. When Mr. MGR became the Chief Minister, that entire scheme became universal. After Mr. MGR, every successive Government in Tamil Nadu tried to strengthen that Noon Meal Scheme. Now, it has got the national recognition, it has got the global recognition.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Now *Amma* has announced morning meal scheme also.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: She has introduced breakfast also.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH (Tamil Nadu): Now we have morning meal scheme.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is a good thing.

SHRI D. RAJA: The point that I have been trying to make out is, it helped the State to increase the Enrolment Ratio. Children go to school, but it does not mean other things. Sir, I have a paper showing State-wise details of working children in the age group of 5-14 years as per the Census 2001 and Census 2011. Now, the 2011 Census says that there are 43,53,247 working children between 5-14 age group. This is the Government figure. That includes Tamil Nadu also. Sir, 2011 census says that in Tamil Nadu, there are 1,51,437 working children. I am quoting the official figure. Sir, now I come to the key issues. We will talk about children who are between 6-14 years now. They are children. This Parliament passed the Right to Education Act. They should be in schools. Yes, we want our children to be in schools, but it is not happening. The children are forced to work. They are used for economic and several other exploitations.

The Bill defines 'children' under fourteen years as one category and it says that 'children' between fourteen and eighteen – adolescents – should not work in hazardous occupations. That is what the Bill says.

The Bill also talks about penalties – penalizing parents, guardians, trusts, etc. The Bill speaks about these three key issues. The point here is, the hon. Minister has circulated several amendments to this Bill. In fact, incorporating all these amendments,

[Shri D. Raja]

the hon. Minister should have brought a new Bill and that new Bill should have been referred to a Select Committee. That is my position. Now, the first amendment talks about this. It says, 'Nothing in sub-section 1 shall apply where child helps his family or family enterprise which is other than any hazardous occupations or process set forth in the Schedule after his school hours or during vacations.' Sir, what is family? I am reading the explanation given by the hon. Minister. It says, 'Family, in relation to a child, means mother, father, brother and father's sister and brother and mother's sister and brother.' It can be extended also and you can call it an 'extended family.' Then, what is this 'family enterprise'? Here, the hon. Minister's amendment explains hazardous occupation. It says, 'Provided that the Central Government may, by notification, specify the nature of non-hazardous work to which an adolescent may be permitted to work under this Act.' ...(*Time-bell rings*)... So, these are all consequences. What I am trying to say is 'family enterprise' can be interpreted in many ways and it can perpetuate cost-based occupations also. It can lead to a situation where a manual scavenger's children should continue as manual scavengers or a bidi worker's child should continue as a bidi worker or a handloom worker's child will have to continue as a handloom worker! So, this is a very dangerous clause and this has been questioned by many sociologists in the country. What is this family enterprise? And, you are forcing child to be used in family enterprise! How can you justify this? That is why there are serious key issues involved in this Bill. It should not be passed in haste. And, we are considering a Bill concerning children who are the future of this nation. We should have concern for their welfare.

So, I oppose this Bill. I want the hon. Minister to reconsider his position and try to understand the concerns, refer it to a Select Committee and let us have another scrutiny. Thank you.

श्रीमती रेणुका चौधरी (आंध्र प्रदेश): सर, आज इतने साल की आज़ादी के बाद हम बाल श्रम पर चर्चा कर रहे हैं। यह बड़ी अज़ीब बात है। सर, राजनीति में आए कई माननीय सदस्यों की उम्र गुजर गयी है। And, today, we are discussing child labour! To start with, it is an oxymoron, because child cannot be equated to labour; child is about childhood, innocence, *bhagwan ka roop*. We talk about children in these terms. We equate the term 'child' to this. So, where did this aberration or obscenity called 'labour' get attached to child? When you say 'child labour', in one stroke, you have taken away the childhood. So, you have to, actually, look at it again. I wish the hon. Minister would come to this House and say that this is the right to childhood that we are discussing, because you cannot, possibly, lay down terms and conditions on work which robs children of their childhood.

You rob children of their childhood. But when they become 18 years of age, many of the people who are sitting in Parliament will be going to ask for their Right to Vote. We will go and ask for their Right to Vote after having denied them any right to childhood. Sir, how is it that we continue to make amendments and come back to Parliament? All of us consciously talk about how it affects children, but don't hesitate to just make aberrations possible. Over the years, the Congress has struggled to ensure that a child has a right in making the destiny of this nation. It was the vision of Shri Rajiv Gandhi who said that the country is going to get younger and it is the youth who should have the right to decide their destinies. He empowered them with the right to vote, by giving them this right at the age of 18. Sir, he brought in technology. Today, rightfully, in the world, India is the youngest country. We have the biggest percentage of youth here, which means productivity for the nation. Youth and young people means, we educate them, we export intelligence and we man stations and sub-stations in the world internationally. One in every sixth citizen of the world is an Indian, which means the youth of this country, the children of this country, are not only going to produce and earn for this nation as adults and young adults, but they will also be contributing to global economies, because the world over, population is declining and they do not have people to run their show. Countries like Germany have taken people out of retirement, sought their physical fitness and reemployed them to execute their own policies because they don't have people. Japan has shown the most alarming negative growth in population in recent times, which means every one in sixth citizen is a product of India and this citizen will be working globally, internationally and for India. So, what does India do to invest in human capital? What is it that we do in Parliament and Assemblies? How sad it is that the child vote is not a vote bank! So a few political parties go out to canvass and say कि हम आपके बच्चों के लिए ये सब कुछ देंगे, आप इसीलिए हमें वोट दीजिए। Childhood is not relevant! We barely go asking for mother's vote, making a human vote relevant in this country. But they are not yet vote banks for this great nation of ours. So many years after independence, we still talk and we still bring about child labour amendments to the Bills that exist, and, then, we talk about how great we are. Sir, sadly, India is the biggest home to the child labour. Unfortunately, because of the size of our population, the percentages add up and we are seen as the largest number of child labourers in the world. Till recently, we had the excuse of poverty and social security, that these are some of the reasons. We, actually, look for reasons and say that these are the reasons why we have child labour. We justified it sometimes by saying that, actually, allowing children to work as domestic help gives them food and shelter. This is a conspiracy that is done silently, because this empowers the people to deny a child any rightful working hours. They work in extraneous circumstances. They are not given warm clothes to

[श्रीमती रेणुका चौधरी]

wear during winters. They are not given food in time and they are brutally tortured, as has been exposed by the media repeatedly several times, where they show them being tortured. Frustrations of the people who employ these children are taken out on these poor children. People who employ these children use them as venting boards for their own frustrations and failures in their personal lives.

Then, Sir, we talk of industrial policies, we talk of progress and development, we come and thump our chests in Parliament and we talk about the *achhe din* which are coming, but which have not come so far. But we live in hope. We live in some optimism, praying that some time that dream or mirage will come true; and we see that when we pass industrial policies, we don't implement proper mechanisms. We are so excited about bringing multinationals into our country. But has India ever actually sat down across the table and said, 'Listen, when you come into my country and you want these assets from us, what is your contribution to the children'? Since that is an unchartered territory, you don't hold them accountable and that leads to the use of child labour. The lack of universal education was something that we all witnessed where families themselves said, 'We can't afford to educate our children. So, we will send them out to labour.' It was the Congress that visualized this and we said, 'Yes, that is a reality check. This is where the truth bites us'. We spoke to mothers across the country and they said, 'Yes, as a mother, I too have a dream. I want my child's life to be better than mine. I see television. Shri Rajiv Gandhi gave us the cell phone technology which brought the world into our palms. I am able to see my employer's children sitting in America and I can see their room there and what they are doing. Their photos come in the newspapers. They are big people, great people. I also want that for my child. I don't want my child to be a domestic help'. And, they aren't. There is a change that we saw when we empowered this nation, and, in my own lifetime, I can give you several anecdotes and you can verify them. A stone-breaker and a daily labourer lost his wife, but put his children into a welfare school, the welfare schools which were set up by the Congress Government. These children got educated. The daughter then married a Government School Headmaster and one of her children is an engineer and one tried to get into Med School but it was prohibitively expensive. He got the marks. But he is employed today in another job. This is in my lifetime, and these people are available. You can verify. But these are examples far and few in between. We need to address child labour not in isolation of labour laws but as a cognitive progress which is integrated with all other sections of so-called development and progress. We see people pushing children out of school. Why does that happen? It is not because of the wonderful food that you are giving them at mid-day meal! It

is when you are allotting Special Economic Zones. It is when you give permissions to build dams and you displace people without thinking. We worry about forest and environment. We worry about animal rights. But has anyone addressed what happens to children when they are shifted like that? Do they have access to schools, to Child Care Centres, to immunization policies? Can they afford to be just moved out like baggages or suitcases or pieces of furniture that they will be removed, transplanted from the area where they were born and grow up and suddenly by the stroke of one pen of the Union Government, they are displaced. You can electronically tag trees to count but you don't have identities for your children that they are just moved away. There is no psychological counselor or guidance there. What about my children in conflict areas? Kashmir is burning today. Assam is burning today. Schools are closed. Newspapers are not being printed. We talk about adults and their problems. Have you addressed what happens to children in these situations of that terror, the fear, the insecurity of displacement, seeing their parents horrified and terrified themselves? What do we do to these child minds which are born so pure and fearless? Is this what we do as instruments of change, progress and development that we throw them out? What happens to the children of farmers' suicides?

We talk about it here repeatedly. We discuss agrarian conflict and agrarian failures. Has anyone addressed the question as to what happens to the children of the farmers who kill themselves? What happens when there is an armed conflict? What about the high cost of healthcare? Just this morning we talked about hospitals and the huge exploitation that happens. Sir, what happens to children when a family, as a unit, has to invest in healthcare? The earning member of the family is given the priority. Next, the male child of the family is invested in. The girl child is a dispensable commodity! She can be denied healthcare and she can die! The most poignant, heart-rending news that all of us read recently was that of a couple and their child with a rare kidney disease. They couldn't afford the transplant and so, they actually went to Court and pleaded that they should have the right to kill their child as the child was going to die anyway because it was denied medical aid; they cannot afford it. What happens to such children? That is the tragedy of our times, Sir. We pay so much lip-service here. We address the media and we talk about so many things, but somewhere there is an erosion of values in us as human beings that we allow this to happen. Now, a lot of my hon. colleagues have quoted statistics. But, Sir, there are absolutely no statistics to show us actually what the figures pertaining to bonded labour are. Nobody knows what the figures for bonded labour are.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Renukaji, you are very relevant, but there is one more speaker. So, try to conclude.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, I think there is enough time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is one more speaker; that is what I am saying. ...(*Interruptions*)... She took 13 minutes; only 12 minutes remain. Renukaji, try to conclude in five minutes.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, it is a form of slavery. Children, who are bonded and in debt because their parents have taken money are then traded.

Sir, I wish to now quote a few examples of what is happening today in our society. Chhattisgarh and Jharkhand are glaring examples of violations of child rights. Meena Khalkho was raped. She was then accused of being a Naxalite and shot and killed by the Forces. The father, to date, says that his daughter was not a Naxalite. So, she becomes a double victim; she is raped and then she is shot dead. And, this system is allowed in 2016, in the era of telecommunication, in the era of transparency and the Right to Information! Nothing protects children and women. That is the tragedy of our times. Did you know about the Jhaliyamri Gaon incident that happened in Kanker district in Chhattisgarh? There is a *Adivasi Balika Ashram* there. Sir, about 40 children were repeatedly raped for a period of two years, many of whom got pregnant and died. What has happened in that case? Nothing, Sir! It did not even make national news. It is not important! They are children! They are the aborted foetuses which we see the dogs drag away and eat. They are abandoned babies whom you recover from Municipal waste bins. And these are for the sexual indulgence of ugly people. But, it is okay! It is accepted! These are the *achche din's* definition that we will keep seeing repeatedly. Aren't we all collectively ashamed and embarrassed a bit that the Supreme Court takes cognizance and passes strictures, and Parliament does not debate this?!

It is the Supreme Court that took cognizance and passed strictures against this vice. Eleven thousand women and children have vanished; they are not on the radar of India. They have disappeared. Houdini could not pull this act off? But the Governments have done it; they have wiped them out from the Census. There is no identity of these people, women and children who have disappeared. ...(*Interruptions*)... प्लीज, आप बैठ जाइए। जरा सब्र से सुनिए। बाद में बोलिएगा। Sir, I am sorry to say this, but these are statistics as Rajaji said. Fire crackers industry, pyrotechnics, diamond industry, in all these places where children are used ...(*Interruptions*)... I have not yielded and this should not go on record, Sir. ...(*Interruptions*)...

श्री राम विचार नेताम (छत्तीसगढ़)ः उपसभापति जी, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है, मैं अपनी बात रखना चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)..

श्रीमती रेणुका चौधरीः आप बैठ जाइए। मैं आपको समय नहीं दे रही हूँ। Sir, I will take

double the time if he goes on talking like this. ...(*Interruptions*)...

श्री राम विचार नेतामः छत्तीसगढ़ के बारे में ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: She is not yielding. ...(*Interruptions*)... She is not yielding. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I am not yielding. ...(*Interruptions*)... आप बाद में बोलिए।

श्री राम विचार नेतामः सर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Renukaji, he is on a point of order. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I am not yielding. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: On a point of order, you have to. ...(*Interruptions*)... Tell me, what is your point of order?. ...(*Interruptions*)...

श्री राम विचार नेतामः उपसभापति जी, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर यह है, ...(**व्यवधान**)... उपसभापति जी, एक तो मैं पहली बार यहां आया हूँ और पहली बार बोल रहा हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is your point of order? आपको प्वाइंट ऑफ ऑर्डर बोलना है। प्वाइंट ऑफ ऑर्डर बताओ।

श्री राम विचार नेतामः सर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि आप बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं, न कि जनरल चर्चा कर रहे हैं। यह मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

श्रीमती रेणुका चौधरीः आप नए आए हैं, आप समझिए। ...(**व्यवधान**)... बैठ जाइए, सुनिए। फिर आप अपनी टर्न पर बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राम विचार नेतामः इन्होंने चर्चा के तहत छत्तीसगढ़ के बारे में जिक्र किया। ...(**व्यवधान**)

श्री उपसभापतिः बैठिए, बैठिए। There is no point of order in that. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, children are used in bangle industry, fire cracker factories; they are used in dish washing in hotels. They are also used in National Highway *dhabhas*. The Ministry of National Highways should also be involved. What happens to run-away children, whom you find in railway stations, bus stations? People use children as couriers for distributing drugs because the Juvenile Law says that they will get a softer sentence. What happens to terrorists who use children to pass weapons and keep them running in conflict zones? This Bill doesn't spell out anything like that. And now I want to ask, and what Mr. Raja said is right, what do you mean by family. What is 'family enterprise'? Sir, family enterprise can be sexual exploitation. It is the *chacha* or the *mama* from the village who brings

[Shrimati Renuka Chowdhury]
